तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 14 जून 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

3 नृत्य प्रतियोगिता में योगिता ने हासिल किया प्रथम स्थान



## खबर संक्षेप

### दर्री-हरदीबाजार समेत कई थाना प्रभारियों का हुआ तबादला

**कोरबा।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने पुलिस महकमे में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। जारी आदेश के तहत कई निरीक्षकों की पदस्थापना में बदलाव किया गया है। तबादला आदेश के अनुसार निरीक्षक तेज यादव को दर्री थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। औद्योगिक गतिविधियों और संवेदनशीलता के लिहाज से महत्वपूर्ण माने जाने वाले इस क्षेत्र में उनकी नियुक्ति को अहम माना जा रहा है। विभाग को उनसे अपराध नियंत्रण के साथ-साथ जनता से बेहतर समन्वय की भी अपेक्षा है। वहीं निरीक्षक आशीष सिंह को दर्री थाना से स्थानांतरित कर हरदीबाजार भेजा गया है। हरदीबाजार क्षेत्र में अवैध कारोबार, जुआ-सट्टा और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने की चुनौती उनके सामने रहेगी। इधर, निरीक्षक प्रमोद डडसेना को लाइन अटैच किए जाने का आदेश भी जारी किया गया है।

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर कल

**कोरबा।** समाज सेवा एवं जनकल्याण की भावना को आगे बढ़ाते हुए श्री अग्रसेन नवयुवक मंच एवं अग्रवाल सभा, के संयुक्त तत्वावधान में 14 जून को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक आरोग्य धाम हॉस्पिटल टीपी नगर में आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श उपलब्ध कराना तथा रक्तदान के महत्व को समाज तक पहुंचाना है। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा। साथ ही इच्छुक नागरिकों से रक्तदान कर मानव जीवन बचाने के इस महाअभियान में सहभागी बनने की अपील की जाएगी। कार्यक्रम में स्वास्थ्य जांच, विशेषज्ञ परामर्श एवं रक्तदान की समुचित व्यवस्था की गई है।

### भाजपा जिला कोरबा की मासिक बैठक संपन्न

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी जिला की मासिक बैठक जिला कार्यालय पंडित दीनदयाल कुंज में जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे प्रधानमंत्री के 12 साल बेमिसाल अभियान, बूथ सशक्तिकरण, संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। मोदी जी के 12 साल बेमिसाल अभियान के माध्यम से इन उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की वास्तविक शक्ति उसका बूथ संगठन है और बूथ स्तर पर सक्रिय एवं सशक्त कार्यकर्ता ही पार्टी की विजय का आधार होते हैं। आगामी कार्यक्रमों को पूरी प्रतिबद्धता, अनुशासन और जनसंपर्क के साथ सफल बनाने का आह्वान करते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने कहा गया। जिला संगठन सह प्रभारी बृजेन्द्र शुक्ला ने भी बैठक को संबोधित किया। बैठक में संजय शर्मा एवं अजय विश्वकर्मा, अजय पांडेय, योगेश जैन, रूक्मणी नायर, सतीश झा, अजय दुबे, कमला बरेठ, कमला किंडो, विवेक मार्कंडेय, अर्जुन गुप्ता, शैलेन्द्र यादव, संजय राठौर, प्रदीप सिंह एवं नीरज ठाकुर सहित जिला पदाधिकारी एवं जिले के मंडल प्रभारी उपस्थित रहे।

# आत्मानंद हाईस्कूल पोलमी के नए भवन में एक साल से लटका है ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनेको प्रयास कर रही है, लेकिन कुछ मामले पर विभागीय लापरवाही से छात्रों के सुनहरे भविष्य का पेंच फंस गया है। पोलमी में 90 लाख की लागत से एक वर्ष पूर्व तैयार स्वामी आत्मानंद हाईस्कूल का नवनिर्मित भवन छात्रों के लिए नही खुल पा रहा है। मूल्यांकन नही होने से अंतिम किश्त की राशि जारी नही हुई है। जिससे भवन शिक्षा विभाग को हैंडओवर नही हो पाया है।

पाली जनपद के ग्राम पंचायत पोलमी में गत 2024-25 में तत्कालीन सरपंच कार्यकाल में रेनोवेशन, प्रयोगशाला व कम्प्यूटर कक्ष का निर्माण कार्य पंचायत द्वारा शुरू हुआ, जिसे पूर्ण हुए एक वर्ष हो चुका है, लेकिन भवन का मूल्यांकन न होने से अंतिम किश्त की राशि जारी नही हुई है। ऐसे में उक्त भवन शिक्षा विभाग को हैंडओवर नही हुआ है। इससे नया शिक्षा सत्र में यहां पढ़ने वाले छात्रों का भविष्य अधर पर लटका हुआ है। बता दें कि 16 जून से वर्तमान शिक्षा सत्र शुरू होने वाला है। स्वामी आत्मानंद हाईस्कूल में प्रवेश के लिए छात्र- छात्राओं में उत्साह है, लेकिन 90 लाख से बना हाईटेक भवन ताले में बंद है और वर्तमान सत्र प्रयोगशाला और कम्प्यूटर कक्ष न मिलने से विज्ञान और कम्प्यूटर की पढ़ाई प्रभावित होगी। पालकों का कहना है कि एक तरफ स्वामी आत्मानंद स्कूलों को मॉडल बनाया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ 90 लाख खर्च करने के बाद भी बच्चे पुराने भवन में पढ़ने को मजबूर होंगे। उन्होंने नाराजगी जाहिर करते कहा कि भवन तैयार है तो सिर्फ एक मूल्यांकन के कारण सैकड़ो बच्चों का भविष्य क्यों दांव पर लगाया जा रहा है। कम्प्यूटर, लैब कक्ष बना है पर ताला लगा है। हमारे बच्चे प्रैक्टिकल कैसे करेंगे। सरकार ने पैसा दिया, भवन बना, फिर भी सुविधा नही मिल रही, प्रशासन भी इस ओर सुध नही ले रहा। पालकों की मांग है कि वर्तमान शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले जिला प्रशासन ताला खुलवाएं और हाईस्कूल प्रयोगशाला व कम्प्यूटर कक्ष छात्रों के लिए संचालित कराई जाए।

### मूल्यांकन न होने से अटकी अंतिम किस्त

**खास बातें**

- हैंडओवर नहीं होने से फंसा छात्रों का भविष्य
- तत्कलीन सरपंच के कार्यकाल में पूर्ण हो चुका है काम



**लेंगे मामले की जानकारी**

पोलमी में हाईस्कुल के भवन में स्वामी आत्मानंद स्कुल चल रहा है। कुछ अलग से नए भवन बने होंगे जो हैंडओवर नहीं हुए होंगे इसकी जानकारी स्कूल के प्राचार्य से लिया जाएगा कि किस कारणवश हैंडओवर नहीं हुए हैं।

-टीपी उपाध्याय, डीईओ कोरबा

## समितियों में दर्ज है 96 हजार 7 सौ किसान

# खाद लेने के लिए एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन की बाध्यता नहीं, पॉश मशीन से मिल रही खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में किसानों को खाद लेने के लिए एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन की बाध्यता नहीं है। सभी दुकानों में पॉश मशीन के माध्यम से वितरण किया जा रहा है। इसमें किसानों को अपने जमीन के दस्तावेजों का एग्रीस्टेक कराना अनिवार्य किया गया है। समितियों में 96 हजार 7 सौ किसान पंजीकृत हो चुके हैं।

**खास बात**

- जमीन के दस्तावेज दिखाना सभी किसानों के लिए किया गया है अनिवार्य

ग्रामीण क्षेत्रों में खेती की तैयारियां शुरु हो चुकी है। आने वाले सप्ताह में मानसून की भी दस्तक होने जा रही है। खेती की तैयारी में जुटे किसान खाद बीज लेने के लिए समितियों में पहुंच रहे हैं। जिले की सहकारी समितियों में 96 हजार 7 सौ किसान पजीकृत है जिनका एग्रीस्टेक हो चुका है। किसानों को खाद लेने के लिए एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन कराने की बाध्यता से राहत दी गई है। जिले में इसकी बाध्यता नहीं होने के कारण किसानों को समितियों की पॉश मशीन से खाद का वितरण किया जा रहा है। इसके लिए किसानों को अपने खेतों के संबंधित जमीनों के दस्तावेज के रिकार्ड में सुधार कराकर थंब लगाना पड़ रहा है, तब जाकर उन्हें खाद मिल रही है। पूर्व में यह बात सामने आयी थी कि एग्रोटेक पोर्टल में पंजीकृत किसान को ही खाद उपलब्ध कराई जाएगी लेकिन आदिवासी जिला होने के कारण लोगों को इससे राहत देते हुए केवल पॉश मशीन के माध्यम से खाद का वितरण किया जा रहा है लेकिन किसानों के जमीनों के दस्तावेजों का एग्रीस्टेक होना अनिवार्य है।



किसान से थंब लगवाती कर्मचारी।

**पॉश मशीनों से किसानों को खाद वितरण**

जिले में किसानों को खाद का वितरण पॉश मशीन की सहायता से किया जा रहा है। किसानों के एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन की बाध्यता नहीं है लेकिन उनकी जमीनों का एग्रीस्टेक होना आवश्यक है।

-डीपीएस कंवर, उप संचालक कृषि

**कितने किसानों का बना फार्मर आईडी**

| तहसील | फार्मर आईडी |
|---|---|
| कोरबा | 5039 |
| करतला | 6949 |
| कटघोरा | 6783 |
| पोड़ी उपरोड़ा | 11201 |
| पाली | 13574 |
| बरपाली | 17023 |
| पसान | 6949 |
| अजगरबहार | 2256 |
| दर्री | 2231 |
| हरदीबाजार | 9827 |
| दीपका | 6371 |
| भैसमा | 8592 |

**क्या है एग्रीस्टेक**

एग्रीस्टेक एक तरह का किसानों के खेत का आधारकार्ड है। जिसमें किसानों के खेतों के कई खसरा नंबर होते हैं उन खसरा नंबरों को एक नंबर देकर आईडी तैयार की जाती है और उक्त आईडी को फार्मर आईडी से लिंक कराया जाता है। आईडी तैयार होने के बाद किसानों के फसल का डिजिटल सर्वे कराया जाता है। इससे यह फायदा होता है कि किसानों के एग्रीस्टेक पंजीयन से उसकी जमीनों की जानकारी मिल जाती है। यह प्रक्रिया फसल बीमा के दौरान फायदेमंद रहती है।

# इस वर्ष भी पुल नहीं बनने से छात्र छात्राओं को स्कूल आने जाने में होगी परेशानी



जटाशंकर नाला जहां बनना है पुल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

छात्र-छात्राओं को इस वर्ष भी घूमकर स्कूल जाना पड़ेगा। पाली विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत गोपालपुर नवापारा के बीच में पढ़ने वाले जटाशंकरी नाला पर पुल बनाने की मांग ग्रामीणों द्वारा लंबे अरसे से की जा रही है किंतु आज तक शासन से स्वीकृति नहीं मिलने के कारण उक्त पुलिया का निर्माण नहीं हो चुका है जिससे ग्रामीणों को ग्रामीणों को बरसात के दिनों में 8 किलोमीटर लंबी दूरी तय कर चैतमा आने के लिए मजबूर होना पड़ता है। उक्त पुल का निर्माण हो जाने पर नवापारा डोडकी, नवापारा, ठाडपखना, सगुना के अलावा बजरा, बिंझरा तुमान भी इस पुलिया से होकर जाया जा सकता है किंतु शासन की अनदेखी के कारण ग्रामीणों को बरसात के दिनों में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

इस संबंध में क्षेत्र क्रमांक 9 के जिला पंचायत सदस्य की माने तो उक्त पुलिया के लिए मुख्यमंत्री से 5 करोड़ 25 लाख रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। सवाल यह है कि जब स्वीकृति मिल चुकी है तो निर्माण कार्य शुरू क्यों नहीं हुआ है।

# सागौन बाड़ी में अवैध बेजा कब्जा हटाने नगर निगम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल मुड़ापार बेरियर के नजदीक केरियर पब्लिक स्कूल जाने वाले रास्ते पर जमीन कब्जाने का खेल जारी है। पुलिस सुरक्षा के बीच नगर निगम ने सरकारी जमीन पर बने अवैध मकानों पर बुलडोजर चलाया है। इस दौरान बेजा कब्जाधारियों ने कार्यवाही का विरोध किया पर उनका विरोध बेनतीजा रहा।

**खास बात**

- नगर निगम व पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्यवाही

उल्लेखनीय है कि शहर में सरकारी जमीन पर धड़ल्ले से बेजा कब्जा किया जा रहा है। शहर के सागौन बाड़ी में अवैध बेजा कब्जाधारियों की बाढ़ सी आ गई है। देखते ही देखते सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से मकानों का निर्माण किया जा रहा है। लगातार इसे लेकर शिकायतें भी सामने आ रही थी। आखिरकार मानसून सीजन से ठीक पहले इस पर संज्ञान लिया गया और कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मानिकपुर चौकी पुलिस की टीम की देखरेख में निगम की टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। लगभग डेढ़ घंटे यहां पर मैदानी अमले ने बुलडोजर के साथ उपस्थिति दर्ज कराई और कई ⏭ शेष पेज 3 पर



कार्यवाही करता निगम अमला।

# खलारीपारा में चला प्रशासन का बुलडोजर वन भूमि पर अवैध कब्जों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत नोनबिर्रा अंतर्गत आश्रित ग्राम खलारीपारा में वन विभाग एवं प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए वन भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान वन विभाग,राजस्व विभाग एवं पुलिस बल का भारी अमला मौके पर मौजूद रहा।

उल्लेखनीय है कि खलारीपारा क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा करीब 6 एकड़ वन भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर मकान एवं अन्य निर्माण कार्य किए जा रहे थे। मामले की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग द्वारा जांच कर अवैध निर्माण की पुष्टि की गई। इसके बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के दौरान बुलडोजर की सहायता से वन भूमि पर बनाए गए अवैध ढांचों को हटाया गया। प्रशासनिक अमले की मौजूदगी में पूरे क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने की प्रक्रिया चलती रही। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल ⏭ शेष पेज 3 पर



बेजाकब्जा हटाने की कार्यवाही करता अमला।

## ईपीएफओ की 27वीं क्षेत्रीय समिति बैठक संपन्न

# मृत्यु क्लेम का तुरंत करें निपटारा, निष्क्रिय पीएफ खाताधारकों को दिलाएं उनका पैसा : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की राज्य क्षेत्रीय समिति की 27वीं बैठक में श्रम विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता ने उद्योगों में होने वाले आकस्मिक मृत्यु के मामले में मृत्यु क्लेम के त्वरित निपटारे और निष्क्रिय भविष्य निधि (पीएफ) खातों के लाभार्थियों को भुगतान सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

श्रम सचिव श्री गुप्ता ने कहा है कि औद्योगिक इकाइयों में दुर्घटनावश होने वाली मौतों के मामलों में ईएसआईसी और संबंधित विभागों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर ऐसे प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर तुरंत निपटाया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि निष्क्रिय पड़े भविष्य निधि खातों के वास्तविक लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें उनकी जमा राशि उपलब्ध कराई जाए। बैठक में सचिव हिमशिखर गुप्ता ने निर्देश दिए कि राज्य के सभी 33 जिलों में प्रत्येक माह की 27 तारीख को आयोजित होने वाले निधि आपके निकट कार्यक्रम में जिला कलेक्टर, ईएसआईसी, सहायक श्रम आयुक्त, उप श्रम आयुक्त तथा राज्य सरकार के संबंधित विभागों की अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित की जाए। इससे पीएफ सदस्यों और नियोक्ताओं की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान हो सकेगा। बैठक का संचालन सदस्य सचिव एवं क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त जयवदन इंगले ने किया। उन्होंने संगठन की कार्यप्रणाली, न्यायालयीन मामलों, प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना, कर्मचारी पंजीकरण योजना-2025, प्रयास, तत्पर, कन्वर्जेंस बैठक तथा नवीन साइट्स प्रोजेक्ट की प्रगति पर विस्तृत प्रस्तुति दी। बैठक में छत्तीसगढ़ में ईपीएफ अधिनियम के प्रभावी अनुपालन, सामाजिक सुरक्षा लाभों के विस्तार, संगठन की उपलब्धियों और विभिन्न चुनौतियों पर व्यापक चर्चा की गई। समिति ने श्रमिकों और कर्मचारियों तक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कई सुझाव भी दिए।

बैठक में उप केंद्रीय श्रमायुक्त बिधान चंद्र नायक, ईपीएफओ के उप निदेशक एनके पटनायक एवं रत्नेश राजन्या, छत्तीसगढ़ उद्योग महासंघ के अध्यक्ष महेश कक्कड़ तथा उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्विन गर्ग, राधेश्याम जायसवाल, ईश्वर चंदेल, शंख ध्वनि सिंह, एचएस मिश्रा शामिल रहे।




फाइल फोटो

### मछली पकड़ने पर देना होगा 25 हजार जुर्माना

**कोरबा।** जिले में वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि को ध्यान में रखकर उनके संरक्षण के लिए छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया गया है। इस अधिनियम के अंतर्गत जिले के सभी तालाबों एवं जल स्त्रोतों जिनका संबंध नदी नालों से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर को छोड़कर सभी प्रकार के जल संसाधनों में मत्स्याखेट कार्य 16 जून से 15 अगस्त तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। सहायक संचालक मछली पालन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नियमों का उल्लंघन करने तथा अपराध सिद्ध होने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र अधिनियम के तहत 25 हजार रूपए का जुर्माने का प्रावधान है।

**खबर संक्षेप**

### राघवेंद्र राव सभा भवन में रक्तदान शिविर आज

**बिलासपुर।** प्रेस क्लब एवं बालाजी चैरिटेबल ब्लड सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में 14 जून को राघवेन्द्र राव सभा भवन परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य आपातकालीन मरीजों एवं दुर्घटना पीड़ितों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। शिविर में रक्तदान करने वाले पत्रकार साथियों को आवश्यकता पड़ने पर ब्लड रिटर्न सुविधा प्रदान की जाएगी तथा उन्हें सम्मानस्वरूप उपहार देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा।

### किसान से एक लाख 75 हजार की आनलाइन ठगी

**बिलासपुर।** किसान के लोन के 1 लाख 75 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए गए। पुलिस अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है। मस्तूरी पुलिस के अनुसार, मल्हार निवासी किसान नरेन्द्र कुमार धृतलहरे 45 साल का बैंक खाता बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा महमंद में है। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 3 लाख रुपए लोन लिया था। जिसकी राशि 2 जून 2026 को उनके सेविंग खाते में जमा हुई थी। उन्होंने बैंक के अधिकारियों के कहने पर 10 हजार रुपए की आरडी कराई। उसके बाद 11 जून को चेक के माध्यम से 70 हजार रुपए निकाले। उन्होंने एटीएम से मिनी स्टेटमेंट निकाला तो उनके खाते से लगातार रकम निकलने की जानकारी हुई। 5 से 11 जून तक पेटीएम व अन्य लिंक के माध्यम से उनके खाते 1 लाख 75 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 308, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बीच बचाव करने गई महिला पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** विवाद होते देख बीच बचाव करने गई महिला पर गुपचुप ठेले वाले ने चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, लिंगयाडीह निवासी खुशबू श्रीवास पति संजय श्रीवास 12 जून को रात 8.30 बजे भाई बहू के साथ गुपचुप खाने राजकिशोरनगर चौक गई थी। गुपचुप खाने के बाद ठेलावाले का पानी गर्म होने से अपने भाई से पास के दुकान से ठंडा पानी मंगाकर पी रही थी। इसी दौरान गुपचुप ठेला वाला छोटू मानिकपुरी का एक युवक के साथ विवाद होने लगा। जिसे देखकर खुशबू श्रीवास बीच बचाव करने गई तो ठेलेवाले ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए चाकू से हमला कर दिया। जिससे हाथ की कोहनी में चोट आई है।

### दो मकानों से जेवर नकद ले उड़े चोर

बिलासपुर। दो सूने मकानों में चोरों ने धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर व नकद रकम की चोरी कर ली है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही है।



सरकण्डा पुलिस के अनुसार, मोपका रामकृष्ण नगर निवासी रिंकी सेन पति स्व. रामेश्वर सेन 10 जून की सुबह 10 बजे अपनी मां शान्ति श्रीवास के घर अशोक नगर चली गई थीं। 11 जून की सुबह 11 बजे वे अपने घर आईं तो दरवाजे में लगा ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखीं तो सामान बिखरे पड़े थे। आलमारी से सोने की चेन, 3 लाकेट, 3 बाली, 3 टाप्स, 1 ब्रेसलेट, 5 नग नाक की पीन, 3 नग पायल, 15 हजार रुपए नकद रकम चोरी कर ली गई थी। दूसरी घटना में सकरी थाना क्षेत्र के सांईनगर अमेरी निवासी कुशी कूर्रे पिता नरोत्तम प्रसाद कुर्रे 11 जून की शाम 5 बजे घर के दरवाजे में ताला लगाकर ड्यूटी में चली गई थीं। 12 जून की सुबह 7 बजे वे घर आईं तो ताला टूटा मिला। आलमारी से सोने का लाकेट, एक जोड़ी कान का, 22 तोला चांदी का पायल व नकद रकम चोरी हो गई थी। पुलिस दोनों मकानों का मुआवना करने के बाद अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

**यात्रियों को मिलेगी कई सुविधाएं**

**आदर्श रेलवे स्टेशन को पुनर्विकसित करने किया जा रहा अमृत भारत स्टेशन योजना में कार्य**

# उसलापुर स्टेशन : सेकेंड एंट्री में एक गेट सहित बनाया जाएगा नया प्लेटफार्म



**बिलासपुर।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में डेवलपमेंट का कार्य शुरु कर दिया गया है। इस कार्य के तहत फेस वन का कार्य करीब-करीब कम्पलीट होने के कगार पर है। इसमें फेस टू का कार्य सेकेंड एंट्री में किया जाएगा, जहां यात्रियों को नए प्लेटफार्म के साथ एफओबी, लिफ्ट, भव्य गेट के साथ अन्य सुविधाएं भी मिल सकेगी।

आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करने के बाद स्टेशन डेवलपमेंट का कार्य दो साल पहले शुरु किया गया था। इस कार्य के दौरान मुख्य गेट की ओर फेस वन की शुरआत की गई। इसमें ओवरब्रिज से लेकर स्टेशन के गेट तक सड़क निर्माण कार्य, डिवाइडर, स्टेशन के सामने की पुरानी बिल्डिंग की दीवारों को ढंककर नई प्लाई लगाने का कार्य, पुराने छोटे गेट को तोड़कर चौड़ीकरण कार्य, नई पार्किंग व्यवस्था व आकर्षक लाइटिंग लगाने का कार्य किया गया। वर्तमान में शाम सूरज ढलने के बाद अंधेरा होते ही उसलापुर स्टेशन के सामने का नजारा यात्रियों को अपनी ओर आकर्षित भी कर रहा है। मुख्य गेट से अंदर प्रवेश करने के साथ ही प्लेटफार्म नम्बर एक शुरु हो जाता है, जहां कटनी की ओर से बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग की ओर जाने वाली गाड़ियों का स्टापेज होता है। वहीं प्लेटफार्म नम्बर दो पर बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से आकर कटनी की ओर जाने वाली यात्री गाड़ियों का स्टापेज दिया जा रहा है। प्लेटफार्म नम्बर एक से अधिक यात्रियों की भीड़ प्लेटफार्म नम्बर दो पर अधिक होती है, जो प्रयागराज, दिल्ली, उत्तरप्रदेश की ओर जाने वाली ट्रेनों में सफर करते हैं। प्लेटफार्म नम्बर दो पर यात्रियों के लिए सुविधाएं तो कम है, वहीं सबसे अधिक परेशानी प्लेटफार्म की लंबाई को लेकर हो रही है। प्लेटफार्म दो की लंबाई कम होने के कारण इंजन और एसएलआर कोच का हिस्सा बाहर निकल जा रहा है, जिससे लोगों के सामानों की लोडिंग करने के लिए काफी जद्दोजहद करना पड़ रहा है।

#### बढ़ाई जाएगी शेड की चौड़ाई

आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में ट्रेनों के साथ यात्रियों की संख्या तो बढ़ गई है, लेकिन अब तक शेड प्लेटफार्म की लंबाई के बराबर विस्तारित नहीं किए गए हैं। इसकी वजह से वर्तमान में यात्री दोपहर की भीषण गर्मी के साथ तेज धूप में हलाकान हो रहे हैं, आगामी दिनों में यात्रियों को बारिश में भीगकर ट्रेन का इंतजार करना मजबूरी हो जाएगी। रेल अफसरों के अनुसार आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में रेलवे की गाइड लाइन के हिसाब से सारी सुविधा यात्रियों के लिए दी गई है। इस गाइड लाइन के मुताबिक नियमानुसार 400 वर्गफुट तक दोनों प्लेटफार्म पर शेड की व्यवस्था होनी चाहिए, लेकिन वर्तमान में शेड 1154 वर्गफुट लगाए गए हैं। भविष्य में प्लेटफार्म के साथ शेड की चौड़ाई और विस्तार भी किया जाएगा।

#### फेस टू के कार्य

रेल अफसरों के अनुसार उसलापुर रेलवे स्टेशन में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत फेस वन और फेस टू दोनों ही कार्यो के लिए बजट सेंक्शन हो चुके हैं। फेस टू में सेकेंड एंट्री की ओर सड़क का निर्माण कार्य, स्ट्रीट लाइट, बुकिंग काउंटर, एक नया 12 मीटर एफओबी का विस्तार, लिफ्ट व भव्य गेट के साथ अन्य सुविधाएं दी जाएगी। इसके साथ ही शेड और प्लेटफार्म का विस्तार भी किया जाएगा। इस कार्य की शुरुआत जल्द होने और पूरा होने के बाद यात्रियों को कुछ राहत भी मिल सकेगी।

#### भेजा जाएगा प्रपोजल

उसलापुर आदर्श रेलवे स्टेशन को यात्रियों की सुविधा के पुनर्विकसित करने का काम किया जा रहा है, जो अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हो रहा है। इसमें फेस वन और फेस टू के लिए बजट सेंक्शन है। आगामी दिनों में सेकेंड एंट्री की ओर भी कार्य किए जाएंगे, जिससे यात्रियों को सुविधा मिलेगी। इसमें जो भी कार्य होगा उसके लिए प्रपोजल बनाकर भेजा जाएगा।
**-अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

**ठेकेदारों द्वारा नहीं दिया जा रहा कर्मचारियों को ग्लब्स, सेफ्टी बेल्ट और हेलमेट**

# नियम ताक पर : 42 डिग्री तापमान में बिना सुरक्षा उपाए के चढ़ रहे ठेका कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



सिटी सर्किल पर में बिजली ठेकेदारों की मनमानी के आगे विभाग के अधिकारी भी पस्त है। बिना सुरक्षा उपायों के ठेका कर्मचारियों को बिजली खंबों में चढ़ाया जा रहा है, इस दौरान हादसे का खतरा बना रहता है लेकिन इसके बाजवूद विभाग के अधिकारी महज काम कराने में मशरूफ रहते है। जिससे कर्मचारी की जान दांव पर लगती है और अनहोनी ही आशंका बनी रहती है।

- शनिचरी सबस्टेशन और अन्य जगहों पर किए गया मेंटनेंस कार्य।

शनिचरी सबस्टेशन के अंतर्गत शनिवार को मेंटनेंस कार्य कराया गया है, इस दौरान सबस्टेशन में बिजली खंबों पर ठेका कर्मचारी और बिजली कर्मी चढ़े रहे। इन कर्मचारियों ने ना ही सेफ्टी बेल्ट पहनी थी और ना ही इनके हाथों में ग्लब्स था। साथ ही जीनरक्षक हेलमेट भी मौजूद नहीं था। इस दौरान एचटी मेंटनेंस के अधिकारी, गोल बाजार के जेई सहित अन्य बिजली अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे लेकिन किसी ने भी सुरक्षा उपायों की परवाह नहीं की, अधिकारियों से सवाल करने पर उन्हें बगल झांकने को मजबूर होना पड़ा। ऐसे में यही कहा जा सकता है कि बिजली अधिकारी ठेकेदारों की कारगुजारियों से परिचित होने के बाद भी उन्हें सुरक्षा से समझौता नहीं करने की हिदायत नहीं दे पा रहे है। वहीं लगातार हादसे होने के बाद भी विभाग के अधिकारियों ने सबक नहीं सिखा है।

#### अनुबंध में सेफ्टी किट देना अनिवार्य

फिल्ड में काम कर रहे कर्मचारियों को सेफ्टी किट देना अनिवार्य है। ठेका श्रमिकों के तौर पर काम कर रहे बिजली कर्मियों को ठेकेदारों के द्वारा सेफ्ट बेल्ट, हेलमेट, डिस्चार्ज राड, दो ग्लब्स, जूतों के साथ ही बारिश के दिनों के लिए रैन कोट देना होता है, लेकिन ठेकेदारों के द्वारा रूपए की बचत करने के लिए कर्मचारियों की जान से खिलवाड़ की जाती है। वहीं इस मामले में विभागीय अधिकारी अपने हाथ खड़े कर रहे है।



### नेहरू नगर में नशा करते पकड़े गए 3 युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेहरू नगर सांई मंदिर के बाजू खंडहर मकान व गार्डन में पुलिस ने दबिश देकर नशा करते हुए तीन नशेड़ियों को पकड़ लिया। कालोनीवासियों के सामने नशेड़ी युवकों को कान पकड़कर उठक बैठक कराते हुए जमकर खातिरदारी की गई है।

सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली नेहरू नगर सांई मंदिर के बाजू खंडहरनुमा मकान व कालोनी के गार्डन में असामाजिक तत्व सुबह से देर रात तक बैठकर नशाखोरी करते रहते हैं, जिससे उस मार्ग से गुजरने से लोगों को परेशानी होती है। टीआई किशोर केंवट ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए 13 जून की रात 8 बजे स्टाफ के साथ सांई मंदिर के बाजू खंडहरनुमा मकान व कालोनी के गार्डन में दबिश देकर तलाशी ली गई। तीन युवक नशा करते हुए मिले।

पुलिस ने कालोनीवासियों के सामने तीनों नशेड़ी युवकों को कान पकड़कर उठक बैठक कराते हुए जमकर खातिरदारी कर नशाखोरी नहीं करने की चेतावनी देकर खदेड़ दिया। पुलिस अधिकारियों ने कालोनीवासियों की बैठक लेकर नशाखोरी व असामाजिक तत्वों के क्षेत्र में दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की बात कही।

## कर्रानाला बांध के पास जानलेवा हमला, बुजुर्ग की हालत नाजुक

हरिभूमि न्यूज : अकलतरा

पुलिस सहायता केंद्र कोटमी सोनार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अकलतरी स्थित कर्रानाला बांध के समीप एक बाड़ी में गुरुवार रात अज्ञात हमलावरों द्वारा एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में गंभीर रूप से घायल शिवराम कश्यप उर्फ प्रेमी 56 वर्ष को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सिम्स बिलासपुर रेफर किया गया है, जहां उनकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है।



अस्पताल में भर्ती बुजुर्ग।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवराम कश्यप पर अज्ञात लोगों ने हमला कर मारपीट की और घटना के बाद मौके से फरार हो गए। घायल के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं। चोटों की गंभीरता को देखते हुए परिजन और ग्रामीण आशंका जता रहे हैं कि हमलावरों ने उन्हें जान से मारने की नीयत से हमला किया है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन पुलिस थाना अकलतरा पहुंचे और मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के पीछे के कारणों तथा हमलावरों की पहचान के लिए पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। इधर ग्रामीणों का कहना है कि कर्रानाला बांध और आसपास के क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री तथा नशेड़ियों का आना-जाना लगातार बना रहता है। क्षेत्र में कच्ची महुआ शराब बनाए जाने की भी चर्चा है। ऐसे में पुलिस इस मामले की जांच सभी संभावित एंगल से कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जाएगी।

### नवविवाहिता ने दी जान, पति और जेठानी गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। दहेज के लिए लगातार प्रताड़ना, मारपीट और मानसिक उत्पीड़न से त्रस्त एक नवविवाहिता की आत्महत्या मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पति और जेठानी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना सिटी कोतवाली बिलासपुर में दर्ज मर्ग जांच के दौरान सामने आया कि वर्ष 2025 में भारती कश्यप का विवाह ग्राम जर्वे (च) निवासी कृष्णा कश्यप के साथ हुआ था। विवाह के कुछ समय बाद ही पति द्वारा दहेज को लेकर ताने देना, प्रताड़ित करना और घरेलू बातों पर मारपीट करना शुरू कर दिया गया।

## बिना लोन दिए एसबीआई ने भेज दिया किसानों 5-5 लाख वसूली का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मस्तूरी के स्टेट बैंक आफ इंडिया से किसानों को केसीसी योजना का लाभ दिलाने का झांसा देकर बिना कर्जा दिए पैसा पटाने और डेढ़ लाख रुपए के कर्ज के 5 लाख पटाने के नोटिस से हड़कंप मच गया है। बैंक के इस नए धमाल से साइबर फ्रॉड की जागरूकता के बीच अब बैंक फ्रॉड की चर्चा है। हलाकान परेशान किसान चिलचिलाती धूप में इसकी शिकायत लेकर एसपी कार्यालय पहुँचे और एसपी को ज्ञापन सौंपा।

- मस्तूरी के स्टेट बैंक आफ इंडिया का मामला, एसपी से शिकायत

सौंपी गई शिकायत में कहा गया है कि बैंक के मैनेजर, एफओएस पर दस्तावेज को वापस नहीं करने और बिना लोन दिए वसूल करने के लिए नोटिस भेजने की बात कही गई है। पूरा मामला मामला मस्तूरी क्षेत्र के पचपेड़ी तहसील के ग्राम धनगंवा का है। यहां रहने वाले 60 वर्षीय किसान हरप्रसाद कुर्रे और अन्य ने एसपी से शिकायत की है। इसमें कहा गया है को बैंक के मैनेजर सुमंत चौधरी और एफओएस रिकेश साहू फरवरी 2026 में उसके गांव आए थे। इसमें बताया गया कि शासन की योजना के तहत आप लोगों को केसीसी की सुविधा दी जाएगी। इसमें सरकार 50 परसेंट की सब्सिडी दे रही। इसके तहत लोन राशि का आधा पटाना पड़ेगा। शेष आधी लोन राशि सरकार माफ कर देगी।



#### आधार, पेन और जमीन के कागज ले लिए

झांसे में आकर और कुछ लोगो ने भी अपना आधार कार्ड, पेनकार्ड, जमीन की ऋण पुस्तिका, बी-1, बी-2, निवास प्रमाण पत्र, फोटो उन्हें दे दिया। कई बार चक्कर कटवाने के बाद बैंक मैनेजर ने बताया कि उनका लोन प्रकरण निरस्त हो गया है। तब यह ग्रामीण कमाने-खाने दूसरे राज्यो में चले गये। इनमें से कुछ को लोन मिला पर कुछ को तो आज तक लोन राशि नही मिली। पूरे मामले का भांडा तब फूटा जब कुछ दिन पूर्व बैंक मैनेजर और एफओएस उनके घर पहुंच गए कि आपको बैंक का ऋण वापस करना है। आप लोगो ने एक भी किश्त नही भरी है। ठगी के शिकार ग्रामीणों ने उन्हें बताया गया कि उनका लोन प्रकरण अस्वीकार हो गया है राशि तो मिली ही नहीं है।

#### जब लोन ही नहीं तो वसूली किस बात की

ग्रामीणों ने कहा कि जब लोन ही नही दिया गया है तो उनसे वसूली की करवाई क्यों की जा रही है।बैंक की ओर से कहा गया कि पशु खरीदने के लिए लोन दिया गया है।ग्रामीणों ने इससे साफ इंकार किया और खरीदी के लिए लोन तो दूर उन्हें उनके खाते तक नही दिए गए। ग्रामीणों के मुताबिक बैंक मैनेजर की ओर से लोन नहीं पटाने पर जेल भेजने की धमकी दी गई। इससे उनका पूरा परिवार डरा हुआ है। गौरतलब है कि पिछले सुशासन तिहार के दौरान भी मस्तूरी के ही एसबीआई के मैनेजर पर लोन दिलाने के नाम पर हितग्राही से 35 हजार का दारू- मुर्गा डकारने के बाद उसका लोन प्रकरण अस्वीकृत होने का मामला भी सामने आया था।

## सोनवाही स्थित स्टेट हाईवे में पिकअप वाहन पलटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम सोनवाही स्थित बनारस अंबिकापुर स्टेट हाइवे मार्ग पर आज शनिवार की सुबह एक पिकअप वाहन के अनियंत्रित होकर पलट गई, इस दौरान वाहन के नीचे दब जाने से एक अधेड़ ग्रामीण की मौत हो गई है।

- नीचे दबकर अधेड़ ग्रामीण की हुई मौत



लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम गंगापुर निवासी 55 वर्षीय रामललन कँवर भगवानपुर निवासी विष्णु मंडल के पिकअप वाहन में काम करता था,शनिवार की सुबह पिकअप वाहन मछली व्यापार के सम्बन्ध में भगवानपुर जा रहा था, इसी दरम्यान अंबिकापुर-बनारस स्टेट हाइवे मार्ग पर ग्राम सोनवाही में चालक देवनारायण द्वारा तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में वाहन में दबकर राम ललन कंवर की मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना पर लटोरी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा व पीएम होने उपरांत परिजन के सुपुर्द किया एवं मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।



## पुलिस ने 50 लाख के 293 मोबाइल फोन नागरिकों को किए वापस

**सूरजपुर।** जिले की पुलिस ने गुम मोबाईल के लिए विशेष अभियान चलाकर 50 लाख रुपए के 293 गुम मोबाईल बरामद करने में सफलता हासिल की है। इन मोबाईल को उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए गया हैं। यह कार्रवाई डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देशन में की गई। अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश देवांगन व गुम मोबाईल नोडल अधिकारी एसडीओपी अभिषेक पैंकरा का मार्गदर्शन रहा। साइबर सेल प्रभारी जावेद मियादाद के नेतृत्व में साइबर सेल टीम ने जिले के सभी थाना-चौकी स्टाफ के साथ मिलकर गुम मोबाइलों को ट्रेस किया। मोबाइलों की खोज सेंट्रल इक्यूपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (सीईआईआर) पोर्टल की तकनीकी सहायता से की गई। पुलिस ने विभिन्न जिलों और राज्यों से मोबाइल बरामद किए। इनमें एप्पल, सैमसंग, ओप्पो, विवो, रेडमी, वन प्लस जैसी कंपनियों के महंगे स्मार्टफोन शामिल हैं। 12 जून को जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने नागरिकों को उनके गुम मोबाईले सौंपे गए। इस दौरान एसएसपी श्री ठाकुर ने कहा कि तकनीक के बेहतर उपयोग और सतत अभियान के जरिए गुम मोबाइलों की बरामदगी तथा साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण का प्रयास लगातार जारी रहेगा। इस कार्रवाई में आरक्षक युवराज यादव, रौशन सिंह, विनोद सारथी, दधिबल राजवाड़े व राय सिंह सक्रिय रहे।

**नाकेबंदी के दौरान चकमा देकर हो गए थे फरार**

# एनएच पर बस चालक-परिचालक से लूट के मामले में चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर/बलरामपुर

बलरामपुर जिले के थाना कोतवाली बलरामपुर पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर बस चालक और परिचालक के साथ मारपीट एवं लूट की सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन भी जब्त कर लिया है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 10 जून को दलधोवा घाट स्थित शिव मंदिर के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोती श्री बस को रोककर कुछ युवकों ने बस चालक और कंडक्टर के साथ मारपीट की तथा लूट की घटना को अंजाम दिया था। वारदात के बाद आरोपी बोलेरो वाहन क्रमांक यूपी 64 एटी 6717 में सवार होकर फरार हो गए थे। घटना की सूचना मिलते ही थाना बलरामपुर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटना के तुरंत बाद जिले से लगे सभी सरहदी थानों में नाकाबंदी कर आरोपियों की तलाश की गई लेकिन रात के अंधेरे और आसपास के जंगलों का फायदा उठाकर आरोपी पुलिस को चकमा देने में सफल हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम गठित कर आरोपियों की लगातार तलाश की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मुख्य आरोपी जितेन्द्र गुप्ता थाना पटना, जिला कोरिया क्षेत्र में छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने उसे पकड़कर थाना बलरामपुर लाया और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपराध करना स्वीकार करते हुए अपने अन्य साथियों के नाम भी बताए। इसके बाद पुलिस ने प्रिंस कुमार दूबे, चंचलेश मंडल उर्फ बिट्टू, तथा दिनेश कुमार उर्फ निरहुआ को अलग-अलग स्थानों से हिरासत में लेकर पूछताछ की।

## खबर संक्षेप

### नृत्य प्रतियोगिता में योगिता ने हासिल किया प्रथम स्थान




**कोरबा।** सेंट पालोटी स्कूल की कक्षा 6वीं की छात्रा कु. योगिता श्रीवास ने अपनी उत्कृष्ट नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए देहरादून में आयोजित नेशनल लेवल डांस प्रतियोगिता–2026 में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले व प्रदेश का मान बढ़ाया है। योगिता की इस शानदार उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है। उनकी सफलता यह साबित करती है कि दृढ़ संकल्प, कठिन परिश्रम और निरंतर अभ्यास के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। प्रतियोगिता में योगिता ने अपने बेहतरीन नृत्य प्रदर्शन से निर्णायक मंडल और दर्शकों का दिल जीत लिया। उनकी इस सफलता के पीछे उनकी अथक मेहनत, अनुशासन, समर्पण और नृत्य प्रशिक्षक प्रीति चंद्रा के कुशल मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन द्वारा जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित



**कोरबा।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन और चाइल्ड हेल्पलाइन के द्वारा कोरबा रेलवे स्टेशन में बाल श्रम उन्मूलन एवं बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कोरबा रेलवे पुलिस बल और स्टेशन मास्टर का विशेष सहयोग रहा ।समुदाय स्तर पर जनसंवाद, पोस्टर, पामलेट अभियान तथा बाल श्रम के दुष्परिणामों से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार है तथा बाल श्रम इन अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि बाल श्रम के उन्मूलन के लिए सरकार, प्रशासन, नागरिक समाज संगठनों तथा समुदाय की सामूहिक भागीदारी आवश्यक है। सभी प्रतिभागियों ने बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण हेतु संकल्प लेते हुए बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय सहयोग का आह्वान किया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सागौन बाड़ी में...

अतिक्रमण को जमींदोज कर दिया। कार्रवाई को लेकर कुछ महिलाओं ने बगावती तेवर दिखाने की कोशिश की जिन्हें महिला पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर शांत किया। बताया गया कि अतिक्रमण के चक्कर में कई प्रकार की समस्याएं खड़ी हो रही है और ऐसे में पानी निकासी का मसला खड़ा हो गया है। इसे ध्यान में रखते हुए निगम ने एक्शन लेना जरूरी समझा। और भी क्षेत्रों को इस मामले में चिन्हित किया गया है।

### खलारीपारा में...

को भी तैनात किया गया था। बताया जा रहा है कि कार्रवाई के दौरान कुछ अतिक्रमणकारियों द्वारा विरोध भी किया गया तथा अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ धक्का-मुक्की की घटना सामने आई है। हालांकि प्रशासनिक अमले ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए कार्रवाई जारी रखी। मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है। वन विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जंगल एवं वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी ऐसे मामलों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी ताकि वन क्षेत्र की सुरक्षा एवं संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

कोरबा मार्केट




## खाद्य सुरक्षा विभाग की चल रही है कार्रवाई

# डोमिनोज, केएफसी समेत कई प्रतिष्ठानों से लिए गए खाद्य नमूने, जांच के लिए भेजे गए लैब



कार्रवाई करते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों पर शिकंजा कसते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने शहर में व्यापक जांच अभियान चलाया। शुक्रवार को विभागीय टीम ने शहर के विभिन्न चिन्हित क्षेत्रों में अचानक निरीक्षण कर कई प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए। जांच के दौरान बर्गर, पैकेट बंद खाद्य सामग्री, मिठाइयों समेत विभिन्न खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता की जांच के लिए सैंपल लिए गए, जिन्हें परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शहर के प्रमुख बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, चौराहों और कॉलोनियों में स्थित दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था, पैकेजिंग, एक्सपायरी डेट तथा लाइसेंस संबंधी दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। अधिकारियों ने दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान खुले में रखी मिठाइयों, बर्गर निर्माण में उपयोग की जाने वाली सामग्री तथा पैकेट बंद खाद्य उत्पादों के नमूने एकत्र किए गए। इन नमूनों को जांच के लिए राजनांदगांव स्थित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अभियान के तहत इस माह की शुरुआत से ही विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जा रहे हैं। पाम मॉल स्थित डोमिनोज पिज्जा से चिकन बर्गर तथा केएफसी से चिकन पॉपकॉर्न राइस बॉल का नमूना लिया गया। साथ ही दोनों प्रतिष्ठानों को वेज और नॉनवेज खाद्य सामग्री के काउंटर अलग-अलग संचालित करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा दादर क्षेत्र स्थित कौशल बेवरेज से अमरकंटक ब्रांड की पैकेज्ड वाटर बोतल, कमला सुपर मार्ट से टोस्ट और बिस्कुट, जेलगांव स्थित समलेश्वरी स्टोर से सरसों तेल एवं घी तथा टीपी नगर स्थित जियो मार्ट से रॉक सॉल्ट और रस्क के नमूने जांच के लिए रायपुर स्थित खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच के दौरान जिन दुकानदारों के पास आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं पाए गए या खाद्य सुरक्षा मानकों में कमी मिली, उन्हें नोटिस जारी कर सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने सभी खाद्य कारोबारियों को साफ-सफाई बनाए रखने, वैध लाइसेंस रखने तथा खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की हिदायत दी है।

### बिना पैकिंग या गुणवत्ताहीन खाद्य उत्पादों का ना करें उपयोग

फूड सेफ्टी ऑफिसर विकास भगत ने बताया कि विभाग का यह विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जांच केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि आने वाले दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों की दुकानों, हाट-बाजारों और मेलों में भी सघन सैंपलिंग की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे केवल लाइसेंसधारी दुकानों से ही खाद्य सामग्री खरीदें और बिना पैकिंग या संदिग्ध गुणवत्ता वाले खाद्य उत्पादों के सेवन से बचें। खाद्य सुरक्षा विभाग की इस कार्रवाई को उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा और बाजार में गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। विभाग का कहना है कि खाद्य पदार्थों में मिलावट या गुणवत्ता संबंधी किसी भी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# कटघोरा विधायक ने पुलिया निर्माण का किया निरीक्षण, दिए निर्देश


हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
08062026 Bilaspur Korba - 08 Jun 2026 - Page 4
पितनी नदी में अप्रैल तक पुलिया निर्माण का दावा निकला खोखला

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने 8 जून को पितनी नदी में अप्रैल तक पुलिया निर्माण का दावा निकला खोखला नामक शिर्षक के साथ प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया गया था। खबर प्रकाशन के बाद इसे संज्ञान में लेते हुए कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने पितनी नदी पर बन रही बहुप्रतीक्षित पुल का निरीक्षण किया। पुल के पिल्हर पर चढ़कर स्थिति का जायजा लेकर संबंधित ठेकेदार व मुंशी को फटकार लगाते हुए निर्माण कार्य में गति लाने के साथ विभागीय अधिकारियों को भी उचित दिशा निर्देश देते हुए जल्द से जल्द निर्माण कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया है। जिससे बारिश में स्कूली बच्चों और क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित आवागमन का लाभ मिल सके। इस दौरान उनके साथ छोटेलाल पटेल पूर्व जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, मुकेश जायसवाल (झाबर) अन्य उपस्थित थे।

# रेलवे स्टेशन में होगा फायर सेफ्टी ऑडिट यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेलवे ने उठाया कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




फाइल फोटो

रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए भारतीय रेल फायर सेफ्टी ऑडिट कराएगी। इसके तहत स्टेशनों पर मौजूद अग्नि सुरक्षा इंतजामों की जांच की जाएगी और जहां भी सुधार की जरूरत होगी, वहां जरूरी कदम उठाए जाएंगे, ताकि यात्रियों और रेलवे संपत्तियों की सुरक्षा को और बेहतर बनाया जा सके। आडिट के तहत स्टेशन भवनों, इलेक्ट्रिकल सिस्टम, एयर कंडीशनिंग और वेंटिलेशन सिस्टम, इमरजेंसी एग्जिट, फायर फाइटिंग सिस्टम, पानी की उपलब्धता, पंपिंग और स्प्रिंकलर सिस्टम समेत सभी महत्वपूर्ण सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की जाएगी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि रेलवे स्टेशन आग जैसी किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हों। आडिट के दौरान यह भी जांच की जाएगी कि स्टेशनों पर लागू सभी फायर सेफ्टी और सुरक्षा मानकों का पालन हो रहा है या नहीं। जहां भी कोई कमी पाई जाएगी, वहां सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम तुरंत उठाए जाएंगे। स्टेशनों की जांच के लिए विभिन्न विभागों की संयुक्त टीमें बनाई जाएंगी। आवश्यकता होने पर विशेषज्ञ एजेंसियों और राज्य फायर विभाग का सहयोग भी लिया जाएगा। जहां सुधार की जरूरत होगी, वहां प्राथमिकता के आधार पर जरूरी कदम उठाए जाएंगे, ताकि सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके। भारतीय रेल लगातार रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है। फायर सेफ्टी आडिट की यह पहल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा मानकों को और सुदृढ़ किया जा सकेगा।

# वनोपज संघ अध्यक्ष ने वन धन विकास केंद्र की औषधि व उपकरणों को देखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ रायपुर के अध्यक्ष रूप साय सलाम ने वन धन विकास केंद्र डोंगानाला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों द्वारा केंद्र में तैयार किए गए हर्बल उत्पाद की जानकारी ली। उन्हें क्रय प्रक्रिया से अवगत कराया गया। उन्होंने निरीक्षण उपरांत समूह व ग्रामीण स्तर में औषधी संग्रहण को बढ़ावा देने दिशा निर्देश जारी किए हैं।

राज्य लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष सलाम कोरबा प्रवास पर थे। वे कटघोरा वनमंडल के वन धन विकास केंद्र डोंगानाला पहुंचे, जहां जिला यूनियन कटघोरा के अध्यक्ष संतोषी बाई अगरिया के अलावा समूह अध्यक्ष व उप प्रबंध संचालक एके मिश्रा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। उन्हें समूह द्वारा प्रसंस्कृत सर्दी खांसी चूर्ण, मधुमेह नाशक चूर्ण, आमलकी चूर्ण सहित अन्य उत्पादों का अवलोकन व उपयोगिता से अवगत कराया गया। श्री सलाम को कक्ष के लगाए गए दर बोर्ड की जानकारी दी गई। समूह को पूर्व में मिले अवार्ड व प्रशस्ति पत्र की जानकारी दी गई। श्री सलाम ने समूह द्वारा भंडारित कच्चे औषधी का निरीक्षण करते हुए क्रय प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने परिसर मे लगे मशीनों का निरीक्षण भी किया। इस दौरान डिह्यूमिडिफायर व पल्वराइजर पैकिंग मशीन की विस्तृत जानकारी दी गई। हरि बोल स्व सहायता समूह की अध्यक्ष सरोज पटेल द्वारा स्टॉक कक्ष में रखे कच्चे औषधी का निरीक्षण कराया गया। उन्होंने लाभांश के संबंध में जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि समूह द्वारा 20 लाख 74 हजार लाभांश प्राप्त हुआ है। श्री सलाम ने संग्रहण, वर्तमान समूह व ग्रामीण स्तर में औषधी संग्रहण को बढ़ावा देने दिशा निर्देश जारी किए गए।

### प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश

राज्य लघु वनोपज संघ अध्यक्ष निरीक्षण के लिए वन धन विकास केंद्र पहुंचे थे। इस दौरान उन्हें समूह के सदस्यों ने परिसर में बाहरी व्यक्ति व जानवारों के कारण होने वाली परेशानी से अवगत कराया। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से चेन लिंक फेंसिंग की मांग की। मेन्यूफेक्चरिंग केमिस्ट डॉ. राघवेंद्र सिंह ने अवगत कराया कि पूर्व में हर्बल गार्डन स्थापित किया गया था, लेकिन फेसिंग के टूटने से औषधी प्लांट खराब हो गए हैं। उन्होंने डेमो प्लांट की मांग की। उनकी मांगों पर श्री सलाम ने प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश जारी किए हैं।

# तीन दिवसीय रंगोली कार्यशाला का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



रंगोली के साथ प्रतिभागी व निर्णायक मडल।

संस्कार भारती जिला इकाई द्वारा तीन दिवसीय रंगोली कार्यशाला का आयोजन आत्मानंद पब्लिक स्कूल कटघोरा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती बबीता गर्ग, मुख्य प्रशिक्षीका गंगा कौशिक प्राचार्य घरीपखना हाई स्कूल एवं अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष हेमलता सिदार रहीं। कार्यशाला में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से लगभग 30 प्रतिभागियों ने रंगोली कला की पारंपरिक एवं आधुनिक विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त की। कार्यशाला में मुख्य ट्रेनर के रूप में गंगा कौशिक ने प्रतिभागियों को रंगोली कला की विविध बारीकियों से अवगत कराया। ट्रेनर ने रंगों के संतुलित प्रयोग, रेखांकन की शुद्धता, विषय चयन, पारंपरिक आकृतियों, ज्यामितीय संरचनाओं तथा समकालीन कलात्मक प्रयोगों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। तीन दिनों तक चले इस प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक एवं मनोहारी रंगोलियों का निर्माण किया। समापन समारोह में मुख्य अभ्यागत के रूप में उपस्थित अग्रवाल महिला मंडल कटघोरा की अध्यक्ष बबीता गर्ग ने अपने उद्बोधन में कहा कि रंगोली केवल सजावट का माध्यम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना एवं सौंदर्यबोध की जीवंत अभिव्यक्ति है। भारतीय जीवन-पद्धति में प्रत्येक मांगलिक अवसर पर रंगोली का विशेष महत्व रहा है, जो हमारी सांस्कृतिक विरासत को पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाने का कार्य करती है। नगर संयोजिका हेमलता सिदार ने बताया कि संगठन का उद्देश्य कला को केवल प्रदर्शन तक सीमित न रखकर उसे समाज के संस्कार, संवेदना एवं सांस्कृतिक जागरण से जोड़ना है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर चित्रकला, रंगोली, संगीत, नृत्य, नाट्य एवं अन्य ललित कलाओं से संबंधित प्रशिक्षण एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन उमेश्वरी एवं आभार प्रतिमा केवट ने की। यामिनी दुबे, रीता सिंह, जेएस मानसार, पीएन योगी, राज यादव, कन्हैया लाल यादव गोपाल तथा रानू का योगदान रहा।

# फर्जी एसबीआई में नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले तीन और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

फर्जी एसबीआई बैंक संचालित कर नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के तीन और फरार आरोपियों को सक्ती पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। मामले में अब तक कई आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

पुलिस के अनुसार एसबीआई क्षेत्रीय कार्यालय कोरबा की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई थी कि ग्राम छपोरा में कुछ लोगों द्वारा फर्जी एसबीआई बैंक संचालित किया जा रहा है। आरोपियों ने बैंक में कैशियर पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर कई युवाओं से रकम वसूली और उन्हें फर्जी नियुक्ति पत्र भी जारी किए। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने छह लोगों से कुल 7 लाख 71 हजार 800 रुपये लेकर ठगी की थी। शिकायत के आधार पर थाना मालखरौदा में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। प्रकरण की जांच के दौरान पुलिस ने पूर्व में अनिल भास्कर, नरेंद्र साहू, हीरा दिवाकर उर्फ कुणाल दिवाकर, टुकेश्वर दास महंत, सुभद्रा महंत तथा पंकज टंडन को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा था। वहीं शेष फरार आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में अभियोग पत्र भी प्रस्तुत किया गया था। फरार आरोपियों की लगातार तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में पुलिस ने शुक्रवार को तीन फरार आरोपी मंथिर दास उम्र 32 वर्ष, रेखा साहू उम्र 35 वर्ष एवं मिलन साहू उम्र 26 वर्ष को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने फर्जी बैंक संचालन और नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। इसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण राजपूत, साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक चंद्र प्रकाश कंवर तथा थाना मालखरौदा की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नवीन कार्यालय भवनों से सुदृढ़ हुई राजस्व सेवाएं, नागरिकों को मिल रही बेहतर सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




फाइल फोटो

### खास बात

- भैसमा, बरपाली, दीपका, पसान एवं पाली में नए कार्यालय भवनों से कार्य

जिले में राजस्व सेवाओं को अधिक सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा स्वीकृत नवीन तहसील एवं अनुविभागीय कार्यालय भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल कोरबा द्वारा निर्मित इन भवनों में अधिकांश स्थानों पर कार्यालयीन कार्यों का नियमित संचालन भी प्रारंभ हो गया है।

पर्यावरण एवं अधोसंरचना मद के अंतर्गत वित्तीय वर्ष में जिले के लिए 5 नवीन तहसील कार्यालय भवन तथा 1 अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय भवन के निर्माण हेतु कुल 403.63 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई थी। स्वीकृत कार्यों के अंतर्गत भैंसमा, बरपाली, दीपका, पसान व अजगरबहार में नवीन तहसील कार्यालय तथा पाली में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय के भवनों का निर्माण कराया गया। वर्तमान में भैंसमा, बरपाली, दीपका, पसान तथा पाली के नवीन कार्यालय भवनों में नियमित रूप से कार्यालयीन कार्य संचालित किए जा रहे हैं। इन भवनों के उपयोग में आने से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बेहतर कार्य वातावरण मिला है, साथ ही आम नागरिकों को भी राजस्व संबंधी सेवाएं अधिक सुविधा के साथ प्राप्त हो रही हैं। इसी प्रकार अजगरबहार तहसील कार्यालय भवन का निर्माण कार्य भी पूर्ण हो चुका है। वहां विद्युत कनेक्शन की प्रक्रिया शेष है। विद्युत लाइन जोड़ने एवं भवन हस्तांतरण की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है, जल्द ही लम्बित कार्य पूर्ण कर विभाग को हस्तांतरण किया जाएगा जिससे वहां भी कार्यालयीन कार्य प्रारंभ किया जा सके।

# घर में छिपाकर रखे 18 लीटर शराब के साथ 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज : मालखरौदा



शराब बेचने के दो प्रकरणों में 18 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ 2 आरोपियों को आबकारी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला आबकारी वृत्त मालखरौदा का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सक्ती प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी को मुखबिर से अवैध शराब विक्रेताओं की जानकारी मिली। इस पर 13 जून को आबकारी वृत्त मालखरौदा के ग्राम फगुरम में दबिश दी गई। टटीम ने संधी चौहान पिता परदेशी राम उम्र 44 वर्ष के घर में छापेमारी कर जांच की। मकान के आंगन में छुपाकर रखे प्लास्टिक की पन्नी व पाउच में भरी कुल मात्रा 8.1 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। इसी तरह ग्राम अण्डा थाना मालखरौदा में अश्वनी वारे पिता सुखाऊ राम उम्र 38 वर्ष द्वारा बड़ी में छुपा कर रखे दो प्लास्टिक की जरीकेन में भरी 10 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। मामले में धारा 34(2) के तहत कार्यवाही कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल निरुद्ध किया गया। कार्रवाई में वृत्त मालखरौदा प्रभारी कोमल प्रसाद सिदार सहित स्टाफ का योगदान रहा।



# पोड़ी पुल की एप्रोच रोड की मिट्टी बहने से दुर्घटना का बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली-सिल्ली मुख्यमार्ग पर ग्राम पोड़ी के समीप पुलिया की एप्रोच रोड का एक हिस्सा पिछले साल की भारी बारिश में क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी ठेकेदार ने आज पर्यन्त सुधार की सुध नही ली। यदि बरसात पूर्व मरम्मत नहीं हुआ तो पुल और सड़क के बहने अथवा कटाव खतरा है।

पाली से सिल्ली मार्ग पर पोड़ी के निकट मुख्यमार्ग का यह धंसा हिस्सा हादसों को खुला न्योता दे रहा है। इस बरसात स्थिति और भी भयावह हो सकती है। लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्ग के पुर्ननिर्माण और उन्नयन कार्य के लिए गत 15 जून 2020 को कार्यदेश जारी किया गया था। कार्य अवधि 20 माह तय थी और निर्माण का जिम्मा मेसर्स के एल ए- वी के जे (जेवी) को सौंपा गया था, लेकिन करोना त्रासदी की वजह से निर्माण नियत अवधि से 2 साल विलंब पूर्ण हुआ। देर आए-दुरुस्त आए की तर्ज पर इस मुख्यमार्ग का कायाकल्प तो हुआ और करोड़ो खर्च के बाद लोगों को उम्मीद थी कि अब वर्षों तक सड़क की चिंता नही रहेगी, लेकिन इस निर्माण के बाद गत भारी बारिश में ग्राम पोड़ी के पास मुख्यमार्ग पर पुलिया किनारे का एक बड़ा हिस्सा धंस गया है। एप्रोच रोड के धंसने और क्रैश बेरियर टूटकर लटकने से यह हिस्सा किसी बड़े सड़क हादसे को खुला न्योता दे रहा है, क्योंकि जहां सड़क का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है, वहां नीचे नाला बह रहा है और ऊपर से रोजाना सैकड़ो हल्के, भारी-भरकम वाहन गुजर रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक विभागीय अधिकारियों को कई बार मौखिक-लिखित सूचना देने और सुशासन तिहार में फरियाद लगाने के बाद भी नतीजा सिफर रहा है। मानसून अब कुछ ही दिनों में दस्तक देने वाला है, लेकिन मरम्मत को लेकर विभाग और ठेकेदार उदासीन है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़क की मरम्मत नही हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। जिसकी सारी जवाबदारी संबंधितों की होगी।

**बरसात पूर्व मरम्मत नहीं होने पर पुल, सड़क के कटाव की बढ़ीं भावना**



## खबर संक्षेप



### पॉश कॉलोनी में जर्जर मकान बने परेशानी का सबब

**कोरबा।** महाराणा प्रताप नगर क्षेत्र में स्थित दो जर्जर और खंडहरनुमा मकान स्थानीय निवासियों के लिए चिंता का बड़ा कारण बन गए हैं। एलआईजी-141 के सामने स्थित ये पुराने भवन वर्षों से बदहाल अवस्था में पड़े हुए हैं और अब इनमें विषैले सांपों समेत अन्य जीव-जंतुओं का बसेरा होने की आशंका जताई जा रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इन खंडहर मकानों के कारण आसपास रहने वाले लोगों, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार लंबे समय से खाली पड़े इन मकानों की हालत लगातार खराब होती जा रही है। भवनों की दीवारें और संरचनाएं जर्जर हो चुकी हैं, जबकि आसपास झाड़ियां और गंदगी भी जमा हो गई है। ऐसे वातावरण में सांपों और अन्य खतरनाक जीवों के पनपने की संभावना बढ़ गई है। रहवासियों का दावा है कि कई बार सांप इन खंडहरों से निकलकर आसपास के घरों और गलियों तक पहुंच चुके हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम कोरबा और जिला प्रशासन से मांग की है कि इन खंडहर भवनों का तत्काल सर्वे कराया जाए। साथ ही भवन मालिकों की पहचान कर उन्हें नोटिस जारी किया जाए और आवश्यकतानुसार भवनों की मरम्मत या सुरक्षित ढंग से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाए।

### मूलभूत सुविधाओं को तरस रहा मुक्तिधाम अंतिम संस्कार में होती है परेशानी

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 16 व 17 घुडदेवा के मध्य स्थित मुक्तिधाम में मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है, जिसके कारण अंतिम संस्कार में शामिल होने वाले परिजनों, ग्रामीणों और स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों से मिली जानकारी के अनुसार, इस मुक्तिधाम में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। यहां ना तो बैठने के लिए कोई शेड है और ना ही पानी एवं साफ-सफाई की कोई उचित व्यवस्था है। अंतिम संस्कार में शामिल होने आने वाले लोगों के लिए पीने के पानी तक की व्यवस्था नहीं है। तेज धूप या बारिश के मौसम में लोगों को सिर छिपाने के लिए जगह ढूंढनी पड़ती है। बाउंड्रीवॉल न होने से असामाजिक तत्वों और मवेशियों का डेरा लगा रहता है। मुक्तिधाम तक जाने वाला रास्ता भी जर्जर हो चुका है, जिससे शवयात्रा ले जाने में भारी मशक्कत करनी पड़ती है। वार्ड वासियों का कहना है कि इस संबंध में कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नगर पालिका प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया है, लेकिन आज तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रशासन की इस उदासीनता को लेकर अब ग्रामीणों में आक्रोश पनपने लगा है। पार्षद रूबी गुप्ता एवं ओम प्रकाश केवर्त पूर्व पार्षद पवन गुप्ता द्वारा कई बार नगर पालिका प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया जा चुका है कि मुक्तिधाम का कायाकल्प जल्द से जल्द किया जाए।

### नीट-यूजी परीक्षा के संबंध में बैठक 16 को

**कोरबा।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी उच्चतर शिक्षा विभाग मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार 21 जून को जिले में आयोजित नीट-यूजी परीक्षा-2026 के सफल संचालन हेतु 16 जून को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष कोरबा में टी.एल.बैठक के उपरांत बैठक रखी गई है। सर्व संबंधितों को बैठक में उपस्थित होने कहा गया है।

### राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के संबंध में बैठक 16 को

**कोरबा।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 28 जून के संबंध में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक कलेक्टोरेट सभा कक्ष में दोपहर 1 बजे आयोजित की गई है। सर्व संबंधितों को बैठक में उपस्थित होने कहा गया है।

### गहनिया लेमरु मार्ग में चल रहा विद्युतीकरण का काम, विभाग ने ठेकेदार को किया तलब

# पीएम सड़क के सोल्डर में ही गाड़े बिजली के पोल, हादसे का भय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको क्षेत्र के गहनिया से लेकर अरेतरा लेमरु मार्ग में बनाई गई पीएम सड़क के किनारे सोल्डर में ही बिजली के पोल गाड़े जाने से हादसों का आशंका बनी हुई है। वहीं पीएम सड़क के अधिकारियों ने बिजली पोल गाड़ने वाले ठेकेदार को विभाग ने तलब भी किया है। विभाग के अनुसार भविष्य में सड़क की चौड़ाई बढ़ने से पोल शिफ्टिंग की समस्या खड़ी होगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली पोल लगाने का काम चल रहा है। जिसे ठेकेदारों के द्वारा ना तो वन विभाग से एनओसी ली जा रही है और ना ही पीएम सड़क योजना के अधिकारियों से संपर्क किया जा रहा है। ऐसा ही मामला बालको क्षेत्र के ग्राम गहनिया से लेमरु मार्ग में नजर आया जहां बिजली पोल गाड़ने का काम हो रहा है। विभाग के अधिकारियों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे पीएम जनमन सड़क के निरीक्षण के दौरान इस मामले को संज्ञान में लिया और ठेकेदार को तलब भी किया है। सड़क से कुछ दूर पोल लगाने के निर्देश दिए गए हैं। पीएम सड़क के उप अभियंता कमलेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पीएम सड़क के निर्माण के दौरान लगभग तीन फुट सड़क के दोनों ओर मिट्टी मुरुम डालकर सोल्डर तैयार किया जाता है ताकि सड़क का कटाव ना हो सके और भविष्य में सड़क चौड़ीकरण के लिए जगह भी मिल सके। किंतु बिजली पोल गाड़ने वाले ठेकेदार ने वन भूमि में पोल गाड़ने के लिए विभाग से एनओसी लेने से बचने के चक्कर में सड़क के सोल्डर में पोल गाड़ दिया है। निरीक्षण के दौरान यह बात देखने में आयी और इसके लिए ठेकेदार को तलबकर उसे आगे कार्य के दौरान सोल्डर से दूर पोल लगाने के निर्देश दिए गए हैं।



बिजली का खंभा जिससे है लोगों को हादसे का डर।

**अजगरबहार-जामबहार मार्ग में हो चुके हैं हादसे**

जामबहार से सतरेंगा तक भी बिजली पोल गाड़े गए हैं कहीं कहीं यह पोल सड़क से महज एक फुट दूरी पर गाड़ दिए गए जिससे कई बार तेज गति से आने वाले चार पाहिया व दो पहिया वाहनों के सड़क किनारे लगे बिजली पोल से टकराने की घटना होने से वाहन चालक गंभीर रुप से घायल भी हुए हैं। इसके मद्देनजर सड़क से कुछ दूर पोल लगाने के निर्देश दिए जाते हैं लेकिन कहीं कहीं पीएम सड़क योजना विभाग के इन निर्देशों का पालन होते नहीं दिख रहा है।

# भूविस्थापित अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट का करेंगे घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ किसान सभा के नेतृत्व में छोटे खातेदारों को रोजगार देने, भूविस्थापितों के लंबित रोजगार प्रकरणों के निराकरण, पूर्व में अधिग्रहित जमीन की वापसी, पट्टा, आंशिक अधिग्रहण पर रोक लगाने, पेयजल की व्यवस्था करने, बसावट एवं खनन प्रभावित गांवों की अन्य समस्याओं को लेकर 15 जून को जन आक्रोश रैली निकालकर कलेक्ट्रेट घेराव की चेतावनी दी गई है।

किसान सभा द्वारा शुरू किया गया आंदोलन भूविस्थापितों का जन सैलाब बनकर कोरबा की सड़कों पर दिखने वाला है कई भूविस्थापित संगठन इस घेराव में शामिल हो रहे है। जिला प्रशासन से भी कई बार हस्तक्षेप कर समस्याओं के समाधान की मांग की गई लेकिन प्रशासन ने समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया इस लिए विस्थापितों ने किसान सभा के नेतृत्व में अब आर पार की लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है। आंदोलन को सफल बनाने के लिए गांव गांव में बैठक कर पर्चे वितरण के साथ भू विस्थापितों को एकजुट भी किया जा रहा है और किसान सभा ने आंदोलन को सफल बनाने के लिए पोस्टर, पर्चे के साथ गांव गांव माइक प्रचार कर भू विस्थापितों को संगठित करने का काम कर रही है। कलेक्ट्रेट घेराव और जन आक्रोश रैली को लेकर भू विस्थापित संगठनों के साथ आम जनता का व्यापक जन समर्थन मिल रहा है। जन आक्रोश रैली और कलेक्ट्रेट घेराव से पहले घंटाघर में सभा आयोजित होगी जिसे प्रमुख रूप से माकपा के लोकसभा सांसद और किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कामरेड अमराराम, किसान सभा के राष्ट्रीय नेता अवधेश कुमार, आदिवासी एकता महासभा के प्रदेश अध्यक्ष और सचिव सुरेंद्र लाल सिंह एवं बाल सिंह सहित किसान सभा के प्रदेश के नेता और भूविस्थापित संगठनों के नेता संबोधित करेंगे।

**खास बात**

- किसान सभा के नेतृत्व में निकलेगी रैली, शामिल होंगे सांसद अमराराम

# ठेका श्रमिकों की महासभा में पारित हुए तीन बड़े प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय कॉलरी वर्कर्स फेडरेशन के नेता भागवत प्रसाद दुबे के आह्वान पर शुक्रवार को कुसमुंडा के कबीर चौक में ठेका मजदूरों की आमसभा आयोजित किया गया। इस आम सभा में एसईसीएल के कोयला खदानों में कार्यरत ठेका श्रमिकों, मजदूर प्रतिनिधियों और श्रमिक संगठनों ने हिस्सा लेकर अपनी एकजुटता का शंखनाद किया।

महासभा के दौरान श्रमिक नेताओं ने ठेका श्रमिकों के समस्याओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोयला खदानों की मुख्य और अनिवार्य गतिविधियों जैसे ड्रिलिंग ब्लास्टिंग डम्पर संचालन रूफ बोल्टिंग और कोयला उत्खनन में रात-दिन खटने वाले ठेका मजदूर ही इस उद्योग की असली रीढ़ हैं। नेताओं ने आह्वान किया कि अब वक्त आ गया है जब सभी मजदूरों को एक मंच पर आकर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष को और तेज करना होगा। महासभा के दौरान एक बड़े प्रस्ताव पारित किए गए जिनमें मुख्या रुप से प्रस्ताव क्रमांक 1 नियमितीकरण और धारा 57 का क्रियान्वयन, प्रस्ताव क्रमांक 2 श्रम कानूनों में विधिक संशोधन की मांग, प्रस्ताव क्रमांक 3 एनसीडब्ल्यूए -4 की कण्डिका 11.5.1 का स्मरण शामिल है। इस दौरान मोहम्मद नासिर खान, भावेन्द्र तिवारी, यूबीकेकेएस संगठन के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप गैर-राजनीतिक संगठन के अतुल दास महंत, उमा गोपाल गोंडवाना पार्टी से गणेश सिंह ऊईके और प्रखर समाजसेवी नेत्री अनुसुईया राठौर सहित श्रमिक नेता उपस्थित रहे।



महासभा में शामिल ग्रामीण ठेका श्रमिक।

**खास बातें**

- आरसीडब्ल्यूएफ के आह्वान पर एकजुट हुए कोयला मजदूर
- जून से अगस्त तक चलेगा अभियान, एसईसीएल मुख्यालय का होगा घेराव

**जारी हुआ कुसमुंडा घोषणा-पत्र**

महासभा में सर्वसम्मति से ऐतिहासिक कुसमुंडा घोषणा-पत्र जारी किया गया जिसमें स्थायी कार्य के लिए स्थायी रोजगार और समान कार्य समान वेतन समान सम्मान के सिद्धांतों को बुलंद किया गया घोषणा-पत्र में मांग की गई कि हर ठेका श्रमिक को नियुक्ति पत्र वेतन पर्ची रोजगार कार्ड सामाजिक सुरक्षा आवास और चिकित्सा सुविधा अनिवार्य रूप से मिलनी चाहिए।

**बिलासपुर सीएमडी मुख्यालय के घेराव का ऐलान**

महासभा को संबोधित करते हुए आरसीडब्ल्यूएफ के प्रोफेसर भागवत प्रसाद दुबे ने एक बड़े आंदोलन की रूपरेखा की घोषणा की उन्होंने बताया कि जून से अगस्त 2026 के बीच खदानों में कार्यरत सभी ठेका मजदूरों का एक विस्तृत डेटा (आंकड़े) इकट्ठा किया जाएगा इसके पश्चात मजदूरों के हक में मांग पत्र सौंपने के लिए बिलासपुर स्थित एसईसीएल सीएमडी मुख्यालय का घेराव किया जाएगा।

# ढाबों में खुलेआम बिक रही अवैध देशी शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

क्षेत्र में अवैध रूप से देशी शराब की खुलेआम बिक्री ने कानून-व्यवस्था और प्रशासन के दावों की पोल खोल कर रख दी है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र के कई ढाबे अब अवैध मयखानों में तब्दील हो चुके हैं, जहां आबकारी नियमों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से शराब परोसी जा रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इन अवैध ठिकानों पर मनमाने दामों पर शराब बेची जा रही है। ढाबों में प्लेन देशी शराब 110 और मसाला शराब 130 में खुलेआम उपलब्ध कराई जा रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि एक तरफ जहां शासन द्वारा अधिकृत शराब दुकानों में आए दिन उपभोक्ताओं को अपनी पसंद की शराब ना मिलने (शॉर्टेज) की शिकायतें सामने आ रही हैं, वहीं दूसरी ओर इन अवैध ढाबों में शराब का भारी स्टॉक हर समय मौजूद रहता है। इससे यह आशंका गहरा गई है कि अधिकृत दुकानों के स्टॉक को मिलीभगत कर ढाबों में खपाया जा रहा है। अवैध शराब की इस पैठ से स्थानीय नागरिकों और विशेषकर महिलाओं में भारी आक्रोश है। लोगों का साफ कहना है कि मुख्य सड़कों और आबादी के करीब स्थित ढाबों में यदि यह काला धंधा चल रहा है, तो यह बिना प्रशासनिक जानकारी या संरक्षण के संभव नहीं हो सकता। यह स्थिति न केवल आबकारी नियमों का खुला उल्लंघन है, इसके अलावा, देर रात तक ढाबों में जाम छलकने के कारण सड़कों पर दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होने से क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था दांव पर लग गई है। स्थानीय क्षेत्रवासियों ने कार्यवाही की मांग की है।

# सर्पदंश से किशोरी की मौत चूहे के बिल में छिपा था सांप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दर्री प्रगति नगर क्षेत्र में सांप के काटने से एक 11 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। शनिवार तड़के हुई इस घटना में परिजनों ने शुरुआत में इसे किसी कीड़े के काटने की सामान्य घटना समझ रहे थे लेकिन कुछ ही देर में बच्ची की तबीयत बिगड़ने लगी। जिसके बाद परिजनों ने आनन फानन में बच्ची को अस्पताल लेकर गये जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतिका के पिता राकेश महतो ने बताया कि शुक्रवार रात पूरा परिवार एक ही कमरे में सो रहा था। शनिवार सुबह करीब 4 बजे उसकी बेटी वैष्णवी उर्फ सन्नू (11) साल अचानक उठी और कान के पास किसी चीज के काटने की जानकारी देते हुए कमरे में मौजूद चूहे के बिल की ओर इशारा किया। जहां कुछ हलचल दिखाई दे रही थी। परिजनों ने इसे चींटी या किसी अन्य कीड़े का काटना समझकर गंभीरता नहीं दिखाई। कुछ देर बाद वैष्णवी की हालत बिगड़ने लगी। कान के पास सूजन बढ़ने लगा वैष्णवी को बेचैनी होने लगी। वैष्णवी की हालत बिगड़ते देख राकेश को सांप के काटने की आशंका हुई। इसके बाद परिजनों ने बच्ची को तत्काल दर्री के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने बच्ची की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे कोरबा मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान वैष्णवी की मृत्यु हो गई।




### ग्राम पंचायत कोरकोमा, केरवां के ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

# कोल ब्लॉक से प्रभावित ग्रामीणों ने ग्राम सभा के लिए जारी आदेश को निरस्त करने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में कोयले का अकूत भंडार है। जिसके उत्खनन के लिए कामर्शियल माइनिंग के तहत कोल ब्लॉकों की नीलामी की गई है। कंपनियों को कोल ब्लॉक शुरू करने से पहले कई चुनौतियों से गुजरना होगा। दरअसल कंपनियों को कोल ब्लॉक सौंपने प्रारंभिक प्रक्रिया शुरू की गई है। जिसके तहत गांवों में एफएआर के तहत प्रमाण पत्र के लिए ग्राम सभा आयोजित करने आदेश जारी किए गए हैं। यह आदेश पहुंचते ही प्रभावित गांव के ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया है। प्रशासन से ग्राम सभा के लिए जारी आदेश निरस्त करने की मांग की जा रही है।

कोरकोमा सरपंच तेज राम राठिया व केरवां सरपंच देवराज कंवर की अगुवाई में पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर के अलावा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को ज्ञापन सौंपा है। उन्होने ज्ञापन के माध्यम से आगामी दिनों ग्राम सभा आयोजित करने संबंधी आदेश को निरस्त करने की मांग की है। दरअसल जिले मे कोयले का अकूत भंडार है। जिसका उत्खनन एसईसीएल सहित विभिन्न अनुषांगिक कंपनियां कर रही है। इसके अलावा निजी कंपनियों को भी कोल ब्लॉक आबंटित किए गए हैं। बीते दिनों भी कोल मंत्रालय द्वारा कामर्शियल माइनिंग के तहत कोल ब्लॉक नीलामी की प्रक्रिया पूरी की गई, जिसमें मेसर्स मिवान स्टील लिमिटेड दिल्ली भी शामिल था। मेसर्स मिवान स्टील को रजगामार डीप साइड कोल ब्लॉक मिला है। यह कोल ब्लॉक फुलकडीह नाले के दक्षिण में स्थित है। इस कोल ब्लॉक से भैसमा तहसील के अंतर्गत आने वाले रजगामार, केराकछार, कोरकोमा, केरवां व केरवां के आश्रित ग्राम ढेगुरडीह शामिल हैं। कंपनी द्वारा कोल ब्लॉक शुरू करने से पहले जरूरी प्रक्रिया पूरी की जानी है। इसके लिए कंपनी ने आवेदन भी प्रस्तुत कर दिए हैं। जिसके तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा संबंधित ग्राम पंचायतों में एफएआर के तहत प्रमाण पत्र प्रदान करने ग्राम सभा आयोजित करने दिशा निर्देश तहसीलदार को दिया गया है। कार्यालय से पत्र जारी होते ही ग्रामीणों में कोल ब्लॉक खोले जाने का विरोध शुरू हो गया है। सरपंचों के नेतृत्व में पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने ग्राम सभा आयोजित करने जारी आदेश को निरस्त करने की मांग की है। ग्रामीणों ने साफतौर पर कहा है कि प्रशासन द्वारा जबरदस्ती करने पर वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। कलेक्ट्रेट पहुंचे कोरकोमा व केरवां के ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी जमीन से 4सौ मीटर नीचे कोयले का उत्खनन करेगी, लेकिन जमीन के नीचे खुदाई का असर गांवों पर पड़ेगा। कोयला उत्खनन से न सिर्फ जलस्तर नीचे चला जाएगा, बल्कि जंगल और उनकी जमीन प्रभावित होगी। गांव में देवस्थल, पारंपरिक पूजा स्थल प्रभावित होगा। इसके अलावा वन्यजीवों का जीवन भी संकट में पड़ जाएगा।

**636.82 हेक्टेयर जमीन में होगी खनन**

बताया जा रहा है कि मेसर्स मिवान स्टील लिमिटेड को रजगामार डीप साइड फुलकडीह नाला कोल ब्लॉक आबंटित है। जिसमें रजगामार के अलावा कोरकोमा, केराकछार, केरवां व केरवां के आश्रित ग्राम ढेंगुरडीह शामिल हैं। इस क्षेत्र के 636. 82 हेक्टेयर जमीन में कोल ब्लाक का विस्तार होगा। इस क्षेत्र में जी 8 ग्रेड का उच्च गुणवत्तायुक्त कोयला मौजूद है। क्षेत्र में करीब 72.46 मिलियन टन कोयला होने का अनुमान है। खासबात तो यह है कि इस कोल ब्लॉक के एक हिस्से में पहले से ही एसईसीएल के रजगामार भूमिगत खदान पहले से स्थित है।

